तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026



11 सराहनीय कार्य करने वाले 31 पुलिसकर्मी सम्मानित, एसपी ने प्रशंसा पत्र देकर बढ़ाया हौंसला





12 ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 823 चालकों पर कार्रवाई, ड्रिंक एंड ड्राइव









## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक कार चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कुंड के पास हुए सड़क हादसे के बाद गत 21 अप्रैल को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने नारनौल के हसनपुर मोहल्ला निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। उसकी विक्टोरियस कार को भी कब्जे में लिया गया है। आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### निवारक कार्यवाही के तहत पांच गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने नांगल जमालपुर में दो गुटों के बीच विवाद के चलते निवारक कार्यवाही के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव में दो पक्षों के बीच विवाद के चलते बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए गए थे। दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने गांव निवासी कालूराम, सतपाल, अनिल, संजय व सुमित को निवारक कार्यवाही के तहत गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को बाद में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के बाद रिहा कर दिया गया।

### आपसी विवाद से जुड़ा था तोड़फोड़ मामला

**रेवाड़ी।** आसलवास में एक ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला आपसी विवाद से जुड़ा हुआ निकला। दो पक्षों के बीच पहले से ही खींचतान चली आ रही थी। ट्रांसपोर्टर ने कुछ लोगों पर तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच करते हुए आसलवास निवासी धर्मेंद्र और राजेश को निवारक कार्यवाही के तहत गिरफ्तार कर लिया। दोनों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के बाद रिहा कर दिया गया।

### देशी कट्टे व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि भोतवास अहीर निवासी देवपाल अवैध हथियार रखता है। वह हथियार के साथ शहर में घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बताए गए स्थान पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम देवपाल बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस मिला। उसे गिरफ्तार करने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** सीआईए कोसली ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव मसानी निवासी रजत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 67 पव्वे बरामद किए है। गत 3 मई को सीआईए को सूचना मिली कि रजत निवासी गांव मसानी अवैध शराब बेचने का कारोबार करता है तथा आरोपी आईजीएल पेट्रोल पंप के सामने अपनी दुकान में अवैध रूप से देशी शराब बेच रहा है। सूचना पर सीआईए ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया।

*वन विभाग ने विभिन्न प्रजातियों के 604123 छोटे व बड़े पौधे किए तैयार*

# मानसून में हरियाली के लिए वन विभाग तैयार, सात नर्सरियों के 6 लाख से अधिक पौधे किए जाएंगे रोपित

### एक जुलाई से शुरू होगा वितरण व रोपण का कार्य

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

जिले में प्रति वर्ष वन विभाग की ओर से लाखों पौधे रोपित व वितरित किए जाते हैं। यह कार्य मानसून आने पर एक जुलाई से शुरू हो जाएगा। प्रति वर्ष सड़क बनाने व भवनों के निर्माण में काफी तदाद में पौधे काट दिए जाते हैं। मानसून में लगाए गए काफी पौधे पेड़ बनने से पहले देखरेख के अभाव में नष्ट भी हो जाते हैं। आज के समय जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, प्रदूषण व प्लास्टिक के कारण लगातार खराब होता वातावरण लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। ऐसे में वन विभाग लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर आ रहा है। इस बार जिले की 7 नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के छोटे व बड़े 6 लाख 4 हजार 123 पौधे तैयार किए गए है। वन विभाग की ओर से सरकारी स्थानों, नहर, जोहड़, पंचायती क्षेत्र, अरावली क्षेत्र, श्मशान घाट व सड़कों के किनारे स्वयं पौधे लगाए जाते है। विभाग की ओर से पौधगिरी के तरह सरकारी व प्राइवेट स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत, किसानों व संस्थाओं को फ्री दिए जाते है ताकि प्रत्येक आदमी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे सकें।



रेवाड़ी। वन विभाग की दिल्ली रोड नर्सरी में तैयार किए गए बड़े पौधे। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। वन विभाग की दिल्ली रोड नर्सरी में तैयार किए गए छोटे पौधे।

### पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य

लोगों को मानसून सीजन में लगाए गए पौधों की पेड़ बनने देखभाल करनी चाहिए। पर्यावरण सरंक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। मानसून के आने पर नर्सरी से लाखों पौधे फ्री वितरित किए जाते है। बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए लोग अधिक से अधिक पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

-जितेन्द्र कुमार, आरएफओ, रेवाड़ी रेंज।

### इन प्रजातियों के पौधे किए जाएंगे रोपित

वन विभाग की ओर से सरकारी नर्सरियों में ज्यादातर फलदार, फूलदार, छायादार व औषधीय पौधे तैयार किए जाते हैं। विभाग की ओर से नर्सरियों में आम, अर्जुन, बड़, पीपल, गुलर, शीशम, जामुन, सिब्बल, कचनार, आवंला, नीम, गुलमोहर, बरना, करसांगवान, कदम, बेलपत्र, कजलिया, कलसटोनिया, पहाड़ी पापड़ी, तिलखन, सिल्वरओक, इमली, जरखंड़ा, दालमौठ, कडीपत्ता, अशोका, पपीता, पारस पीपल, बेरी, सुहाजना, रीठा, जाल, चंड, तुलसी, चांदनी, गुड़हल, जंगल जलेबी, सीताफल,रोंज, खैरी, उत्रनजीवा, नींबू, अमलतास, लेसुआ, बहेड़ा, जांटी, सिंदूरी,चांदरोल, सालर, हिंगोठ, चंपा-चांदीनी, बांस, ऐलो वेरा च मनी प्लांट सहित कई अन्य प्रजातियों के पौधे तैयार किए गए है। इसके अलावा नर्सरी में अरावली क्षेत्र के लिए ढोक, वरना, गंगेरन, इंद्रजोह, वसेन्द्रू, ककेरा व चामरोड प्रजाति के पौधे तैयार है।

### नर्सरियों में तैयार किए गए पौधे

वन विभाग की रेवाड़ी, बावल व नाहड़ तीन रेंज में दिल्ली रोड जेएलएन नहर के पास, मनेठी, बावल, शहबाजपुर, नाहड़, गुड़ियानी व बेरली सहित 7 नर्सरियां है। जेएलएन नहर व मनेठी नर्सरी में छोटे व बड़े 2.35 लाख पौधे तैयार किए गए है। इसके अलावा नाहड नर्सरी में 60000 छोटे व 25000 बड़े, गुड़यिानी नर्सरी में 15000 छोटे व 8000 बड़े, बेरली नर्सरी में 30000 छोटे व 11500 बड़े, बावल नर्सरी में 71000 छोटे व 27000 बड़े तथा शहबाजपुर नर्सरी में 89000 छोटे व 32623 बड़े पेड़ों की पौध तैयार की गई है।

### जिले में वन विभाग का वन्य एरिया

जिले में वन विभाग के पास पौधे लगाने के लिए करीब 4935 हेक्टेयर का एरिया है, जिसमें 4240.5 हेक्टेयर अरावली क्षेत्र, 1528.20 हेक्टेयर वन व सड़कों के किनारे, 269.64 हेक्टेयर रेलवे का एरिया, 117.51 हेक्टेयर मसानी बैराज जैसे बांधों का एरिया, 1322.65 हेक्टेयर नहर के पास, 970.54 हेक्टेयर सेक्शन 4 व 5 के खोल, सीहा, मसीत व दीढौली का एरिया तथा 389.53 रिजर्व फोरेस्ट में नांधा व झाबुआ का एरिया है।

### कोसली सचिवालय में कैंटीन फोटोस्टेट बूथ व वाहन पार्किंग के लिए लगेगी बोली

**कोसली।** कोसली लघु सचिवालय परिसर में वाहन पार्किंग, कैंटीन एवं फोटो स्टेट की दुकान खोलने के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। कार्य की अवधि जून माह से 31 मार्च 2027 तक की रहेगी। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि कैंटीन के लिए रिजर्व प्राइस चार लाख रुपये तथा जमानत राशि 40 हजार रुपए की तय की गई है। पार्किंग के लिए रिजर्व प्राइस दो लाख रुपए और जमानत राशि 20 हजार रुपए निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि फोटो स्टेट बूथ के लिए आरक्षित मूल्य 50 हजार रुपए एवं जमानत राशि 5 हजार रुपए रखी गई है। आवेदक 5 मई से 14 मई तक यह राशि जमा कराकर टेंडर की बोली में भाग ले सकता है। ई-बोली के लिए 15 मई निर्धारित की गई है व खुली बोली 19 मई को निर्धारित शर्तों के अनुसार कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस इच्छुक दुकानदार की बोली स्वीकृत होगी, उसे 25 प्रतिशत राशि दो दिन में जमा करानी होगी। आवंटित किए गए स्थान पर साफ-सफाई रखना दुकानदार की जिम्मेदारी होगी।

## कोसली से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि बाजार में अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो आने वाले एक सप्ताह में कठोर कार्यवाही की जाएगी। दुकानदार स्वयं अवैध कब्जों को हटाना शुरू कर दे तो बेहतर रहेगा। एसडीएम विजय कुमार यादव ने सोमवार को बीडीपीओ अनिल कुमार और पीडब्ल्यूडी बी एंडआर विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह के साथ कोसली बस स्टैंड, कोसली गांव का मेन बाजार, रेलवे रोड, साल्हावास रोड, नाहड़ रोड़ तथा आसपास के बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बीडीपीओ अनिल कुमार आने वाले एक सप्ताह में ये अवैध कब्जे हटवाना सुनिश्चित करेंगे। उनके साथ लोक निर्माण, पंचायत विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

- अतिक्रमण कारियों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम
- एसडीएम ने कहा कि इस बार अवैध कब्जे हटाने के लिए कोई नोटिस या चेतावनी नहीं दी जाएगी

एसडीएम ने कहा कि इस बार अवैध कब्जे हटाने के लिए कोई नोटिस या चेतावनी नहीं दी जाएगी, बल्कि सीधे कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि रेलवे स्टेशन की दीवार के साथ लगती भूमि पर कुछ वाहन चालकों ने अवैध रूप से टैक्सी स्टैंड बनाया हुआ है। इसको हटवा कर यहां ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। इसी प्रकार राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के सामने की जमीन पर भी ग्रीन बेल्ट बनाई जाएगी। बी एंड आर की रोड़ के दोनों सिरों से मिट्टी को हटाया जाएगा।

### मंदिर में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**रेवाड़ी।** आसलवास के एक युवक का शव सोमवार सुबह गांव के बाहर मंदिर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई। इसके बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। लगभग 21 वर्षीय जितेंद्र रविवार देर सायं घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। परिजनों ने रात को ही उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सुबह ग्रामीणों ने गांव के पास ही बाबा आजाद नाथ मंदिर में एक शव लटकता देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जितेंद्र के परिजन भी सूचना के बाद मंदिर पहुंच गए। उन्होंने शव की पहचान जितेंद्र के रूप में कर दी। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया।

## आईजीयू में मलेरिया प्रतिरक्षण सप्ताह पर कार्यक्रम मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में प्राणी विज्ञान विभाग की ओर से मलेरिया प्रतिरक्षण सप्ताह पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता डा. रजनीकांत दीक्षित वैज्ञानिक-ए आईसीएमआर-राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान थे। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार और प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता डा. रजनीकांत ने मलेरिया नियंत्रण और रोकथाम के लिए सामुदायिक भागीदारी तथा वैज्ञानिक नवाचार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग ने एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम भी आयोजित किया।

संयोजक डा. प्रिया कुमारी ने सरकारी विद्यालय मीरपुर के विद्यार्थियों को मलेरिया से बचाव के उपायों जैसे मच्छरदानी का प्रयोग, स्वच्छता और समय पर निदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। अभियान में डा. श्रुति और डा. दीप्ति यादव ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस मौके पर अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।



रेवाड़ी। आईजीयू में कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।



रेवाड़ी। मीरपुर स्कूल में बच्चों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

*तापमान में 6.3 डिग्री तक की कमी से गर्मी का असर हुआ कम*

# आंधी व बारिश के बाद लुढ़का पारा, भारी गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रविवार की रात तेज आंधी के साथ हुई अच्छी बारिश के बाद तापमान में 6 डिग्री से अधिक की गिरावट आ गई, जिससे लोगों को पसीने छुड़ाने वाली गर्मी से काफी हद तक राहत मिल गई। मौसम में मंगलवार को भी बदलाव आने की संभावना है। अभी दो-तीन दिन तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। सोमवार सुबह आसमान में आंशिक बादल छाए रहे, जो दोपहर तक साफ हो गए। रात को जिले के लगभग सभी खंडों में तेज आंधी के साथ औसत 2 एमएम तक बरसात हुई। इसके बाद अधिकतम तापमान 6.3 डिग्री की गिरावट के साथ 31.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 2.4 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 46 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि हवाओं की गति 18 किलोमीटर प्रति घंटा रही। आंधी और बारिश के बाद मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। सुबह के समय मौसम काफी ठंडा बना रहा। दोपहर तक तेज धूप के कारण उमस का असर बना रहा। शाम के समय एक बार फिर से बादल छाने से बारिश या बूंदाबांदी की संभावना बन गई। तेज हवाएं देर शाम तक चलती रहीं। बीते सप्ताह तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच जाने के कारण लोगों को हीट वेव का सामना करना पड़ा था। लोगों ने दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना भी बंद कर दिया था। अचानक मौसम में आए बदलाव ने लोगों को फिलहाल लू के प्रकोप से निजात दिला दी है।



रेवाड़ी। सोमवार सुबह हुई बरसात से बावल रोड पर जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

### मौसम में बदलाव के आसार

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आसमान जल्द पूरी तरह से साफ होने की संभावना नहीं है। सोमवार रात से लेकर मंगलवार तक आसमान में बादलों के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। अगले तीन दिनों के बाद मौसम पूरी तरह साफ होने के आसार हैं। इसके बाद तापमान में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है। मई के दूसरे पखवाड़े में लोगों को एक बार फिर से लू के प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है।

### बिजली की खपत में कमी

आंधी और बारिश के कारण रविवार की रात ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। देर रात तक निगम कर्मियों ने बिजली व्यवस्था सुचारू की। आंधी के कारण 18 फीडरों की बिजली घंटों तक बाधित रही। कई फीडरों को सुबह के समय चलाया गया। गर्मी का असर कम होते ही बिजली की खपत 10 लाख यूनिट तक कम हो गई है। इसमें कुछ दिन तक कमी बने रहने की संभावना है। धारूहेड़ा का एक्यूआई 155 दर्ज किया गया, जिससे प्रदूषण का खतरा बना रहा।

### चुनाव से संबंध में आब्जर्वर को दे सकते सुझाव या शिकायत

**रेवाड़ी।** नगरपरिषद रेवाड़ी व नगरपालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव की निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के उद्देश्य से सामान्य, पुलिस व व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। नगर परिषद रेवाड़ी के लिए जगनिवास को सामान्य पर्यवेक्षक व नगर पालिका धारूहेड़ा के लिए सामान्य पर्यवेक्षक तरुण कुमार पावरियां को नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि कोई भी नागरिक लोक निर्माण विश्राम गृह रेवाड़ी के सभागार में संबंधित पर्यवेक्षक के समक्ष चुनाव को लेकर सुझाव या शिकायतें दे सकते हैं। इसके अलावा दूरभाष नंबर 01274-220033 पर भी संपर्क कर सुझाव या शिकायत दर्ज करा सकते है।



विशेष
मातृ दिवस
10 मई

# मां तुम हो सबसे प्यारी... सबसे न्यारी...

मां के बारे में कितना भी कहा जाए, लिखा जाए, कम ही होगा। उसकी ममता की कोई थाह नहीं, उसके त्याग की कोई सीमा नहीं। संतान के हित के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर मां की महानता का वर्णन संभव नहीं। सच! इस दुनिया में कोई रिश्ता नहीं, जो मां जैसा प्यारा हो, मां जैसा न्यारा हो।

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

बिन कहे जो आपकी बात समझ जाए, जिससे बात करके मन हल्का हो जाए, जिसकी गोद में सिर रखकर कुछ पल बैठ जाएं तो स्वर्ग-सा सुख मिले, ऐसा शख्स मां के बिना भला कौन हो सकता है! अपनी संतान से मां का रिश्ता सृष्टि में सबसे सुंदर और अद्वितीय होता है। यह रिश्ता सिर्फ भावनाओं का संगम नहीं, त्याग, शक्ति और अटूट विश्वास की एक अनूठी कहानी है। मां का रिश्ता दुनिया के हर रिश्ते से अलग और बेहद महत्वपूर्ण होता है। मां का रिश्ता एक ऐसी अनमोल विरासत है। एक महिला के रूप में, मां होना पूर्णता का अहसास है और एक संतान के रूप में, मां का होना ईश्वर का वरदान है।

## सृष्टि का आधार मां की सृजन-शक्ति

मां का रिश्ता दुनिया का इकलौता ऐसा रिश्ता है, जो जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। नौ महीने तक एक नन्ही-सी जान को अपने भीतर सींचना, उसे अपना रक्त और पोषण देना, यह एक ईश्वरीय अनुभव है। दुनिया का कोई भी दूसरा रिश्ता इस स्तर के शारीरिक और आत्मिक जुड़ाव से नहीं बनता। मां एक 'क्रिएटर' है, यही उसे बाकी सब नातों से ऊपर रखता है। 'मां' केवल एक शब्द नहीं, संपूर्ण सृष्टि का आधार है। भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मान्यताओं में मां को ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में देखा जाता है। मां ही वह शक्ति है, जिसके बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। कई धार्मिक विचारों में मां को ईश्वर का साकार रूप माना गया है, क्योंकि जिस प्रकार परमात्मा सृष्टि का आधार है, उसी प्रकार मां अपने परिवार और भावी पीढ़ी का आधार होती है।

## पहली गुरु और मार्गदर्शक

मां न केवल जीवन देती है, बल्कि जीवन जीने का सही तरीका और संस्कार भी सिखाती है। एक बच्चा अपनी पहली शिक्षा किसी स्कूल से नहीं, बल्कि अपनी मां की गोद से प्राप्त करता है। भाषा, संस्कार, सही-गलत की पहचान और दुनिया को देखने का नजरिया सब मां ही सिखाती है। मां ही बच्चे की पहली मेंटर होती है। वह बिना किसी डिग्री के भी जीवन के सबसे कठिन पाठ पढ़ा देती है। इसीलिए मां को हमारे जीवन की पहली गुरु और मार्गदर्शक माना जाता है। मां ही बच्चे के साथ सबसे अधिक समय बिताती है, उसे जीवन के प्रारंभिक पाठ सिखाती है। मां की सिखाई बातें जीवन भर अपनी संतान का मार्गदर्शन करती हैं।

## निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा



मां के निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण के कारण ही उसे जीवनदाता और सबसे अच्छी दोस्त भी कहा जाता है। आज की व्यावसायिक दुनिया में हर रिश्ता किसी न किसी उम्मीद या लेन-देन पर टिका होता है। लेकिन मां का प्यार 'अनकंडीशनल' होता है। बच्चा चाहे कितना भी बड़ा हो जाए, सफल हो या असफल, मां के लिए वह हमेशा वही मासूम जान रहता है। उसका प्यार बदले में कुछ नहीं मांगता, बस अपने बच्चे की मुस्कुराहट चाहता है। मां का स्नेह, त्याग और ममता न केवल बच्चों का मार्गदर्शन करती है, बल्कि समाज और मानवता की नींव भी रखती है।

## अनकही बातों को समझने का हुनर

दुनिया के हर रिश्ते में अपनी बात समझाने के लिए शब्दों का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन मां के साथ ऐसा नहीं है। आपकी आंखों की नमी, आपकी आवाज की खनक या आपकी चुप्पी, मां सब कुछ बिना कहे समझ लेती है। यह 'इंट्यूशन' और 'टेलीपैथी' जैसा जुड़ाव केवल मां के साथ होता है। 'मां' के पास अपनी संतान की अनकही बातों को समझने का जो हुनर होता है, वह शब्दों का मोहताज नहीं होता। यह गुण केवल एक मां ही रख सकती है, जिसे दुनिया के किसी और रिश्ते में पाना लगभग असंभव है। एक मां का दिल वह खजाना है, जिसमें केवल त्याग और प्रेम भरा होता है। मां न केवल अपनी संतान की भावनाओं को समझती है, बल्कि उनमें गहरी रुचि और परवाह भी दिखाती है। चाहे रोते हुए बच्चे को चुप कराना हो या किसी जटिल बात को सरलता से समझाना, मां, संचार के इस कौशल में माहिर होती है। मां का धैर्य, उसका निःस्वार्थ प्रेम ही उसे बच्चे के मन की उन बातों को भांपने की शक्ति देता है, जो वह कभी नहीं कह पाता।

## सबसे सुरक्षित आश्रय

बाहर की दुनिया कितनी भी कठोर क्यों न हो, जब एक बच्चा अपनी मां की गोद में सिर रखता है, तो उसे दुनिया का सबसे सुरक्षित कोना महसूस होता है। मां की गोद को दुनिया का सबसे सुरक्षित आश्रय मानने के पीछे केवल भावनाएं ही नहीं, बल्कि ठोस वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक शोध निष्कर्ष भी हैं। रिसर्च के अनुसार, मां के साथ शारीरिक संपर्क (जैसे गोद में बैठना या गले लगना) शरीर में ऑक्सीटोसिन हार्मोन को रिलीज करता है। यह हार्मोन तनाव को कम करता है, सुरक्षा का अहसास दिलाता है और मां-बच्चे के बीच एक अटूट बंधन बनाता है। अध्ययनों से पता चला है कि मां का स्पर्श और उसकी मौजूदगी बच्चे के शरीर में कोर्टिसोल (तनाव बढ़ाने वाला हार्मोन) के स्तर को कम कर देती है। इससे बच्चा खुद को शांत और सुरक्षित महसूस करता है। सिंगापुर में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जो बच्चे मां के अधिक संपर्क में रहते हैं, उनके 'सोशल ब्रेन' का विकास बेहतर होता है। यह उन्हें भावनाओं को समझने और सामाजिक रूप से सक्रिय बनने में मदद करता है। मनोवैज्ञानिक जॉन बाउल्बी की 'अटैचमेंट थ्योरी' बताती है कि मां की गोद बच्चे के लिए एक 'सिक्योर बेस' (सुरक्षित आधार) का काम करती है। जब बच्चा यहां सुरक्षित महसूस करता है, तभी उसमें बाहर की दुनिया को एक्सप्लोर करने का आत्मविश्वास आता है। 'कंगारू केयर' (त्वचा से त्वचा का संपर्क) पर हुई रिसर्च बताती है कि मां की गोद में रहने से शिशुओं के दिल की धड़कन और शरीर का तापमान स्थिर रहता है, जिससे उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।



### विशाल हृदयी-त्याग की मूरत मां

**एक महिला** जब मां बनती है, तो वह अपनी नींद, अपनी पसंद, अपना करियर और कभी-कभी अपनी पहचान तक को पीछे छोड़ देती है। सबसे रोचक बात यह है कि वह इसे 'त्याग' नहीं मानती, बल्कि अपनी खुशी मानती है। अपनी थाली की आखिरी रोटी बच्चे को खिलाकर पेट भरा हुआ महसूस करना, यह जादू सिर्फ मां कर सकती है। इंसान गलतियों का पुतला है, और हम अकसर जाने-अनजाने अपनों का ही दिल दुखाते रहते हैं। जहां दूसरे रिश्ते छोटी-सी ठेस से टूट जाते हैं या उनमें दरार आ जाती है, मां का दिल वह समंदर है, जो आपकी हर गलती को समा लेता है। वह डांटती है, नाराज होती है, लेकिन कभी आपका हाथ नहीं छोड़ती। उसका विशाल हृदय संतान को क्षमा करने में देर नहीं करता। जब पूरी दुनिया आप पर शक करती है, तब मां ही होती है, जिसे यकीन होता है कि आप सब कुछ कर सकते हैं। मां का 'मेरा बच्चा सबसे अच्छा है' वाला विश्वास हमें बड़े से बड़े संकट से लड़ने की शक्ति देता है। मां का भरोसा ही वह चेतना जगाती है, जिससे हमारा आत्मविश्वास चमकता है।

# प्यार से सिखाते-समझाते हुए अपनी मां को बनाएं टेक्नो-स्मार्ट

आप जरूर चाहेंगी कि जैसे स्मार्ट फोन और गैजेट्स के जरिए रोजमर्रा के ढेरों काम आसानी से कर लेती हैं, वैसे ही आपकी मम्मी भी कर लें। इसके लिए आपको ही उनकी हेल्प करनी होगी। उन्हें आप बहुत आसानी से टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं।

सजेशन

**ललिता गोयल**



आज के डिजिटल दौर में मॉम को भी टेक्नो-फ्रेंडली होना बहुत जरूरी है। इससे उनको अपनी फेवरेट रेसिपी ढूंढने या अपने रिलेटिव्स से बात करने के लिए किसी की मदद का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे खाली समय में अपना एंटरटेनमेंट कर पाएंगी, इससे उन्हें खुशी मिलेगी और उनका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। आप बहुत आसानी से मॉम को टेक्नो-स्मार्ट बना सकती हैं। इसकी शुरुआत मदर्स-डे से कर सकती हैं।

**दोस्त बनकर सिखाएं:** अगर टेक्नोलॉजी से जुड़ी मां को एक बार में कोई बात समझ नहीं आ रही तो परेशान या इरिटेट न हों। एक दोस्त की तरह व्यवहार करें, बार-बार प्यार से समझाएं। एक उम्र के बाद टेक्नोलॉजी से जुड़ी बातें सीखने में डर, हिचक होती ही है। ऐसे में उन्हें प्यार से समझाएं, उनका हौसला बढ़ाएं। जैसे आपके बचपन में उन्होंने आपको एक-एक अक्षर और गिनती सिखाई थी, वैसे ही अब आपकी बारी है।



**छोटे कदमों से करें शुरुआत:** सीधे मुश्किल फंक्शंस सिखाने की बजाय, रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजें जैसे- व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल, मैसेज टाइप करना, फोटो शेयर करना, यू-ट्यूब पर वीडियो देखना सिखाएं। जब वे इतना सीख जाएं तब उन्हें दूसरी बातों के बारे में बताएं।

**ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी:** अपनी मॉम को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के टिप्स भी जरूर बताएं जैसे कि अनजाने लिंक पर क्लिक न करना और ओटीपी शेयर न करना। अनजान लिंक्स के खतरों के बारे में भी समझाएं ताकि कोई नुकसान न उठाना पड़े।

**एंटरटेनमेंट:** अगर मां को गाने सुनना पसंद है, तो उनके फोन पर यू-ट्यूब या स्पॉटीफाई में उनके फेवरेट गानों की प्ले-लिस्ट बना दें। अगर उन्हें किताबें पढ़ना पसंद है, तो ई-बुक्स के बारे में बता सकती हैं। अगर आपकी मां को लिखने का शौक है तो आप उन्हें पर्सनल ब्लॉग बनाना भी सिखा सकती हैं।

**वीडियो कॉलिंग:** अपनी मम्मी को जरूर सिखाएं कि कैसे वे अपनी सहेलियों या रिश्तेदारों से बिना किसी की मदद के वीडियो कॉल कर सकती हैं। अपने करीबियों को देखते हुए बात करना उन्हें बहुत खुशी देगा।

**कैब बुकिंग:** ट्रैवल एप के जरिए मां को कहीं भी आने-जाने के लिए कैब बुकिंग करना भी सिखाएं। इससे कहीं भी अकेले आने-जाने के लिए वे आत्मनिर्भर बनेंगी।

**हेल्थ-फिटनेस नॉलेज:** मां के फोन में कोई योगा एप डाउनलोड कर दें। इनमें 50 से अधिक की उम्र के हिसाब से आसान योगासन और ब्रीदिंग एक्सरसाइज के तरीके मिल जाएंगे। इनकी मदद से उन्हें फिट और हेल्दी रहने में बहुत मदद मिलेगी।

**डिजिटल पेमेंट:** उन्हें यूपीआई से पेमेंट करना जरूर सिखाएं। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगी और जब चाहेंगी अपनी पसंद की शॉपिंग कर सकेंगी। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। जब मां अपनी पसंद की चीजों को डिजिटल तरीके से खुद एक्सेस कर पाएंगी, तो उन्हें बहुत खुशी मिलेगी।

**टेक्नो फ्रेंडली बनने के फायदे:** जब आपकी मॉम टेक्नोस्मार्ट हो जाएंगी तो यह कई तरीके से उनके लिए फायदेमंद होगा।

- वे घर बैठे ऑनलाइन सामान ऑर्डर कर सकती हैं।
- वे डिजिटल माध्यम से दूर बैठे परिवार वालों से आसानी से जुड़ सकती हैं।
- वे नई चीजें सीखकर नॉलेज बढ़ा सकती हैं।
- अपने खाली समय में एंटरटेनमेंट कर सकती हैं, इससे उन्हें बोरियत नहीं होगी।

स्पेशल क्वालिटी

**अंजू जैन**

मांएं हर परिवार की धुरी होती हैं। एक साथ कई-कई भूमिकाएं निभाने में एक्सपर्ट मांओं का मैनेजमेंट स्किल कमाल का होता है। हर सदस्य की जरूरत और खुशी का ध्यान रखने में उनका जवाब नहीं होता है। तभी तो हम सब मानते हैं, मां जैसा कोई नहीं।

# हर तरह के मैनेजमेंट स्किल में एक्सपर्ट होती हैं मदर्स



पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, स्ट्रेटेजी, टीम लीडर जैसे भारी भरकम शब्दों का इस्तेमाल किए बिना ही शानदार मैनेजमेंट स्किल का प्रदर्शन करने में एक्सपर्ट होती हैं हम सभी की मांएं। हम उन्हें एक कुशल प्रबंधक की तरह काम करते हुए देखते हैं मगर कभी इस पर ध्यान नहीं दे पाते। कैसे हमारी मां घर को एक सुचारू रूप से चलने वाले प्रोजेक्ट या कंपनी की तरह संभालती हैं, अनजान लोगों, रिश्तेदारों, फाइनेंस, टाइम टेबल, मुसीबतों, बाजार और भावनाओं को एक साथ संतुलित करती हैं। इस पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि उनकी मैनेजमेंट स्किल्स किसी कॉर्पोरेट कंपनी के सीईओ यानी मुख्य कार्यकारी अधिकारी से किसी मायने में कम नहीं हैं। मां बिना किसी ऐसी डिग्री के एक पूरे संस्थान यानी परिवार और घर को सुचारु रूप से चलाती हैं।

**बजट और वित्तीय योजना:** सीमित संसाधनों में घर को बेहतरीन तरीके से चलाना और भविष्य के लिए बचत करना मांओं को एक कुशल 'फाइनेंसियल मैनेजर और एडवाइजर' बनाता है। वे बिना किसी ट्रेनिंग के घर की 'चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर' की तरह काम करती हैं। घर में उपलब्ध संसाधनों का बेहतरीन और अधिकाधिक उपयोग करना मांओं की विशेषता होती है। वे जानती हैं कि बजट कैसे बनाया जाए, आने वाले खर्चों के लिए तैयारी कैसे की जाए और अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए धनराशि कैसे बचाई जाए?



**समझती हैं अपनी प्राथमिकताएं:** सबसे पहले और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण क्या है, यह एक मां से बेहतर कौन समझ सकता है? मां की दिनचर्या को एक दिन के लिए देखें कि वे प्राथमिकताओं को कैसे निर्धारित करती हैं? वे समझती हैं कि कब किस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है और कब उसे शांति से टाला जा सकता है? बच्चे का स्वास्थ्य, उसके स्कूल जाने-आने का समय, खाना बनाने और परोसने का टाइम या पारिवारिक संकट हमेशा उनकी प्राथमिकता में होते हैं। घर के सभी कार्य उनकी व्यस्त रूटीन में समायोजित हो जाते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कोई माहिर कॉर्पोरेट मैनेजर करता है।

**कई रोल्स में बैलेंस करना:** मां खाना बनाने, साफ-सफाई से लेकर घरेलू कार्यक्रमों का आयोजन करने तक, हर काम को कुशलतापूर्वक संभालती हैं। शादी जैसा बड़ा इवेंट भी वे बखूबी मैनेज कर लेती हैं। वे लगातार अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि परिवार का हित प्रभावित न हो और यह सुचारु रूप से चलता रहे। एक साथ कई भूमिकाएं निभाने और कई प्रतिभाएं, गुण रखने को विशेषज्ञता को पालीमैथ कहा जाता है। मम्मियां इसमें दक्ष होती हैं।

**अच्छी रोल मॉडल:** मांएं अपने परिवार के लिए उदाहरण के तौर पर मौजूद रहती हैं। वे अनुशासन, धैर्य या मेहनत के बारे में सिर्फ किताबी बातें नहीं करतीं, बल्कि हर दिन इसे अपने जीवन में उतारती हैं। उनके बच्चे, पति और सभी परिजन इसे प्रत्यक्ष देखते हैं तो वे प्रेरित होते हैं।

**मल्टी-टास्कर:** मल्टी-टास्किंग के मामले में मम्मियों को दुनिया में सबसे बेहतरीन माना जाता है। एक मां एक ही समय में खाना बना सकती है, बच्चे की पढ़ाई पर नजर रख सकती है और घर के अन्य जरूरी कामों की योजना बना सकती है। मां एक साथ कई भूमिकाएं निभाती हैं जैसे टीचर, कुक, कंसल्टेंट और चीयरलीडर। यह क्षमता उन्हें जटिल परिस्थितियों में भी कार्यकुशल बनाए रखती है।


मेकअप

**सरिता गुप्ता**

# प्रॉपर मेकअप से मां दिखेंगी सिंपल-सोबर

जिस तरह का मेकअप यंग एज में किया जाता है, वैसा मिड एज में नहीं किया जा सकता है। दरअसल, बढ़ती उम्र के साथ त्वचा में कई बदलाव आने लगते हैं, जैसे झुर्रियां, ढीलापन, ड्रायनेस और पिग्मेंटेशन। ऐसे में मेकअप का तरीका भी बदलना जरूरी हो जाता है। सही मेकअप न केवल चेहरे की कमियों को छिपाता है बल्कि नेचुरल ग्लो भी बढ़ाता है। इस मदर्स-डे पर, अपनी मां को एक नया सिंपल-सोबर लुक देने के लिए आप यहां बताए जा रहे मेकअप स्टेप्स फॉलो करें। यकीन मानिए, आपकी मॉम और भी प्यारी दिखने लगेंगी।

**स्किन केयर से करें शुरुआत:** मेकअप से पहले स्किन को प्रिपेयर करना बहुत जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ स्किन ड्राय होने लगती है। इसलिए सबसे पहले मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। फिर हाइड्रेटिंग सीरम और प्राइमर का उपयोग करें। इसकी मदद से मेकअप स्मूथ लगता है और लंबे समय तक टिका रहता है।



**लाइटवेट फाउंडेशन का करें चुनाव:** हैवी फाउंडेशन झुर्रियों को और उभार सकता है। इसलिए हमेशा लाइटवेट और हाइड्रेटिंग फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। बीबी क्रीम या सीसी क्रीम भी अच्छा विकल्प है। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से हल्के हाथों से लगाएं ताकि स्किन नेचुरल दिखे।

**कंसीलर का सही इस्तेमाल:** आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स को छिपाने के लिए कंसीलर का उपयोग करें, लेकिन बहुत ज्यादा मात्रा में इसे न लगाएं। हल्के हाथों से ब्लेंड करें ताकि फाइन लाइंस में प्रोडक्ट जमा न हो।

**पावडर कम लगाएं:** मेकअप में कम पावडर का इस्तेमाल करें। अधिक पावडर लगाने से चेहरा ड्राय और केकी दिख सकता है। सिर्फ टी-जोन (माथा, नाक और ठोड़ी) पर ही हल्का-सा कॉम्पैक्ट पावडर लगाएं। इस सीजन में ट्रांसलूसेंट पावडर बेहतर रहता है।

**सॉफ्ट-न्यूट्रल आई मेकअप:** बढ़ती उम्र में आई मेकअप को हल्का और सॉफ्ट रखना चाहिए। ब्राउन, पीच या न्यूड शेड्स का इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा ग्लिटर या डार्क शेड्स अप्लाई करने से बचें। आईलाइनर पतला लगाएं और मस्कारा से पलकों को हल्का वॉल्यूम दें। इसके बाद आइब्रो पेंसिल से आइब्रोज को हल्की सी शेप दें।

**नेचुरल ग्लो के लिए ब्लशर:** बढ़ती उम्र में क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करना ठीक रहता है क्योंकि यह स्किन को हाइड्रेटेड लुक देता है। पीच या पिंक शेड चेहरे को फ्रेश और यंग लुक देते हैं।

**लिपस्टिक के शेड्स:** डार्क और बहुत ब्राइट कलर्स की बजाय सॉफ्ट शेड्स जैसे रोज, पिंक, पीच या न्यूड शेड्स के लिपिस्टिक का चुनाव करना सही रहता है। लिप्स को पहले मॉयश्चराइज करें और फिर लिपस्टिक लगाएं।

**हाइलाइटर का कम यूज:** मेकअप के बाद हल्का-सा हाइलाइटर चेहरे को ग्लो देता है। लेकिन इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें।

सबसे जरूरी बात यह है कि सिंपल और एलिगेंट लुक ही बढ़ती उम्र में सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है।

**(मेकअप आर्टिस्ट प्राची गोयल से बातचीत पर आधारित)**

एडवाइस

**डॉ. आरती आनंद**
सीनियर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली

आप जरूर चाहेंगी कि बढ़ती एज में भी आपकी मॉम न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली भी हेल्दी रहें। इसके लिए आप क्या उपाय आजमा सकती हैं, कैसे उनकी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखें, जानिए।

# मॉम रहेंगी मेंटली हेल्दी

हर परिवार में मां-बेटी के बीच गहरा भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जिम्मेदार बेटी होने के नाते आपका यह फर्ज बनता है कि आप अपनी मम्मी के मन की बातों को भी समझें। आपकी कोशिश होनी चाहिए कि वे तनावमुक्त और प्रसन्न रहें।

**मानसिक सेहत पर प्रभाव:** उम्र के पांचवें दशक में प्रवेश करते ही अधिकतर महिलाओं के जीवन में मेनोपॉज की शुरुआत हो जाती है। इस दौरान उनके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन की मात्रा घटने लगती है। हॉर्मोन संबंधी असंतुलन के कारण महिलाओं को मूड स्विंग की समस्या होती है। वे तनावग्रस्त रहने लगती हैं। उम्र के इस दौर में बच्चों के करियर, विवाह और रिटायरमेंट के बाद पैदा होने वाले खालीपन के बारे में भी सोचकर महिलाएं घबराने लगती हैं।



**कैसे पहचानें लक्षण:** अगर आपकी मम्मी अकसर सुस्त, चिड़चिड़ी और गुमसुम दिखाई दें या उनकी दिनचर्या और व्यवहार में अचानक कोई बड़ा बदलाव नजर आए, मसलन, कम बोलना, लोगों से मिलने-जुलने से कतराना, एकाग्रता में कमी, निर्णय लेने में घबराहट, रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातें भूल जाना, रात में नींद न आना, सिरदर्द, भोजन में अरुचि, यदि ऐसे कोई भी लक्षण नजर आएं तो उन्हें अनदेखा न करें क्योंकि ये डिप्रेशन, स्ट्रेस और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में अपनी मां को इमोशनल सपोर्ट देना आपकी जिम्मेदारी है।



**क्या करना चाहिए:** रोजाना नियमित रूप से अपनी मां के साथ बातचीत के लिए समय निकालें। अगर कभी वह उदास नजर आएं तो उनसे उनकी उदासी का कारण पूछकर उसे दूर करने की कोशिश करें। सहजता से धीरे-धीरे उनके साथ दोस्ताना संबंध विकसित करने की कोशिश करें। जहां तक संभव हो घर के कामकाज में उनका हाथ बंटाएं। रोजाना सुबह जल्दी उठकर उनके साथ योग और मेडिटेशन करें। इससे ब्रेन में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो खुशी का एहसास दिलाने के साथ अच्छी नींद लाने में भी मददगार होता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आपकी मम्मी को थायरॉइड की समस्या तो नहीं है, उनके शरीर में विटामिन-डी और विटामिन-बी-12 का स्तर सही तो है न? कई बार इनकी कमी के कारण भी महिलाओं को डिप्रेशन और एंग्जाइटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं परेशान करती हैं। अकेलापन सभी मनोवैज्ञानिक समस्याओं की सबसे बड़ी वजह है, इसलिए उन्हें उनकी रुचि से जुड़ी किसी भी गतिविधि जैसे कीर्तन, सत्संग या किटी पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। किसी वीकेंड पर उन्हें अपने साथ शॉपिंग पर या डिनर के लिए लेकर जाएं। इस उम्र में महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियां सीमित हो जाती हैं, ऐसे में उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। इस समस्या से बचाव के लिए उन्हें उनकी उन हॉबीज की याद दिलाएं। उन्हें जो भी कार्य पसंद हो, उसकी दोबारा से शुरूआत करें। ऐसी रचनात्मक सक्रियता से वह हमेशा तनावमुक्त और खुश रहेंगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

तीन राज्यों में विजय राजनीतिक सफलता मात्र नहीं, यह भारतीय जनता पार्टी पर लोगों के बढ़ते विश्वास का प्रतीक

# पीएम मोदी का नेतृत्व, भाजपा की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत जीती : वीरकुमार यादव





रेवाड़ी। नठेड़ा गांव व कोसली में भाजपा की तीन राज्यों में जीत का जश्न मनाते पार्टी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलने की खुशी में कोसली के गांव नठेडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव के आवास पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर वीरकुमार ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है, जिसके चलते देश की जनता लगातार पार्टी पर अपना विश्वास जता रही है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास और समर्थन की जीत है। इस अवसर पर कोसली सरपंच मा. रामकिशन, जिला सचिव शारदा यादव, श्याम नगर सरपंच जिले सिंह, नठेडा सरपंच मनोज कुमार, सुरेन्द्र पूर्व सरपंच, विनोद कुमार, एडवोकेट रमेश शर्मा, अशोक कुमार, संजय पंच, महेंद्र सिंह, रणबीर सिंह, सुनील कुमार, प्रमोद शास्त्री, देवराज, मा. राजेश कुमार, भागमल, लाजपतराय यादव, नरेंद्र व संजय राव उपस्थित थे। कोसली गांव में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई।

## ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आपदा एव सहायता विभाग के जिला संयोजक संजय पंच, सरपंच रामकिशन जांगड़ा, सुरेंद्र यादव, सतीश यादव, विजय जांगड़ा, श्यामलाल, धर्मेंद्र , अशोक यादव, प्रेमप्रकाश, सुनील व नैनसुख मौजूद थे। नाहड़ गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिश दायमा, स्वच्छता अभियान के जिला सह संयोजक प्रेमप्रकाश नाहड़, पिंकी यादव, राधेश्याम शर्मा, सुरेन्द्र यादव, जयभगवान प्रजापत, देवेन्द्र यादव, सज्जन सोनी, जितेन्द्र बिट्टू , प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, प्रतिक यादव, जयंत कुमार ऋषभ यादव, जागेराम प्रजापति, प्रिंस व अशोक कुमार मौजूद थे।

## बंगाल की जनता ने ममता के वर्षों पुराने कुशासन को जड़ से उखाड़ फेंका : पोपली

रेवाड़ी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय होने से रेवाड़ी भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। इस शानदार जीत पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने खुशी जाहिर करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट नेतृत्व और संगठन की जीत बताया है। वंदना ने कहा कि बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी के वर्षों पुराने कुशासन, तुष्टीकरण और अराजकता की राजनीति को जड़ से उखाड़ फेंका है। उन्होंने कहा कि आज बंगाल की पावन धरती से डर और हिंसा का शासन समाप्त हो गया है। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को बंगाल के घर-घर तक पहुंचाया, जिसका परिणाम आज पूरी दुनिया देख रही है। बंगाल के इस किले को ढहाना केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विजय है। पोपली ने कहा कि संगठन अध्यक्ष नितिन नबीन के कुशल प्रबंधन और जमीनी रणनीति ने बंगाल में असंभव मानी जाने वाली जीत को संभव कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मार्गदर्शन में किसी भी प्रकार की चुनावी हिंसा नहीं हुई व चुनाव आयोग और प्रशासन ने पूरी तरह निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए। उन्होंने कहा कि बंगाल फतेह से कार्यकर्ताओं का मनोबल सातवें आसमान पर है। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।



रेवाड़ी। भाजपा कार्यालय में संगठन की जीत का जश्न मनाते कार्यकर्ता।



रेवाड़ी। डॉ. बनवारी लाल के साथ जीत की खुशी मनाते कार्यकर्ता।

## राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत को मिली विजयाः डा. बनवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

- तीन राज्यों में मिली जीत से पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित मिठाई बांट मनाया जश्न

भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में हुई प्रचंड जीत की गूंज से जिले के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस गौरवशाली विजय की खुशी में सोमवार को बावल स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरक कर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस अवसर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल ने असम की पलासबारी विधानसभा में बतौर प्रवासी प्रभारी अपनी जिम्मेदारियों को याद करते हुए संदेश साझा किया। उन्होंने पलासबारी से भाजपा प्रत्याशी हिमांगशू शेखर बैशय की शानदार जीत पर वहां के कर्मठ कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी।

डा. बनवारी लाल ने जीत का सम्पूर्ण श्रेय भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की दूरदर्शी नीतियों और कुशल मार्गदर्शन को इस ऐतिहासिक सफलता का आधार बताया। पूर्व मंत्री ने कहा कि पलासबारी की धरती पर बिताया गया एक-एक क्षण और वहां के कार्यकर्ताओं का अटूट परिश्रम आज सार्थक हुआ है। यह जीत राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित हर उस कार्यकर्ता की है, जिसने संगठन के संकल्प को जिया है। बावल कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे इसी ऊर्जा के साथ आगामी समय में भी संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों में निरंतर जुटे रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### कोसली कोर्ट में लोक अदालत 9 मई को

कोसली। कोसली न्यायिक परिसर में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का समाधान कराया जाएगा। उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं एसडीजेएम अशोक कुमार ने बताया कि 9 मई को सुबह नौ बजे सिविल जज जूनियर डिवीजन निशा की अध्यक्षता में लोक अदालत लगाई जाएगी, जिसमें दीवानी, राजस्व, फौजदारी, वित्तीय लेन-देन, बीमा, बैंक लोन, पारिवारिक विवाद व मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी।

### सरकारी भूमि के पट्टे के लिए आज लगेगी बोली


रेवाड़ी। तहसील पाल्हावास के गांव गुरावड़ा में सरकारी भूमि को पट्टे पर छोड़ने के लिए 5 मई को बोली लगाई जाएगी। नायब तहसीलदार पाल्हावास कुनाल गोयल ने बताया कि उप तहसील पाल्हावास के गांव गुरावड़ा में प्लॉट नंबर-1 रकबा 9 कनाल 2 मरला व प्लाट नंबर 2 रकबा 69 कनाल 12 मरला नजुल/सरकारी भूमि को पट्टे पर छोड़ने के लिए 5 मई 2026 को सुबह 11 बजे ग्राम गुरावड़ा में बोली लगाई जाएगी।

## भाजपा की प्रचंड जीत पर बांटे लड्डू



नारनौल। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से नगर पार्षद एवं प्रदेश आईटी सहप्रमुख सिकन्दर कुमार के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर मिश्रवाड़ा में लड्डू बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर सिकंदर कुमार ने कहा कि आज सोनार बांग्ला ने भय, भ्रष्टाचार व अन्याय की बेड़ियों को काटकर विकास और सुशासन के नए सूर्य का स्वागत किया है। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश सैनी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष धीरज सोनी, मंडल सचिव नीरज सोनी, हजारीलाल सोनी, बल्ली सैनी, बल्ली सोनी, गजेंद्र बोहरा, कालू सोनी, राकेश शर्मा, तुलसीराम सोनी, प्रदीप शर्मा, हरेंद्र सैनी खेतड़ी, अमित सोनी, संदीप लखेरा, मनीष सोनी, ललित सोनी, बबली सोनी, ईशु सोनी, गोलू सोनी आदि मौजूद थे।

## नींबू के तेवर तीखे, 240 रुपये किलो पहुंचे दाम



मंडी अटेली। गर्मी के शुरुआती दौर में ही नींबू के दामों ने आम लोगों को चौंका दिया है। सामान्य तौर पर 70 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाला नींबू अब सीधे 240 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया है। इस अचानक आई तेजी ने जहां बाजार में हलचल मचा दी है, वहीं आम आदमी की रसोई का बजट भी बिगाड़ दिया है। लोग शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए नींबू पानी, शिकंजी और अन्य पेय पदार्थों का अधिक सेवन करते हैं। ऐसे में नींबू की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। अटेली में शिकंजी बेचने वाले दुकानदारों पर भी इसका सीधा असर पड़ा है। जहां पहले कम कीमत में लोगों को ठंडा पेय उपलब्ध कराया जाता था वहीं अब लागत बढ़ने के कारण दाम बढ़ाने पड़े हैं।

## नीडी हेल्प ग्रुप ने शादी का सामान भेंट किया



नारनौल। शहर की अग्रणी एवं सामाजिक संस्था नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप की मुहिम गरीब सुकन्या विवाह समारोह का आयोजन सालासर मेडिकल स्टोर नियर नागरिक अस्पताल पर किया गया। इस मुहिम के अंतर्गत एक बेटी का कन्यादान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एडवोकेट नितिन चौधरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने की। कार्यकम संयोजक मोहित नासा व सुनील गोयल थे। इस अवसर पर नितिन चौधरी ने कहा कि जहां आज कल लोगों के पास अपने परिवार के लिए समय नहीं है। वही मनीष गोगिया के नेतृत्व में संस्था के साथी अंजान परिवार के लिए समय व सहयोग कर रहे है। जिसके लिए सभी बढ़ाई के पात्र है।

## नपा कर्मचारियों की हड़ताल जारी



कनीना। नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सोमवार को भी जारी रही। इस बारे में प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि नगरपालिका में 21 कर्मचारी अस्थाई रूप से कार्य कर रहे हैं, जबकि उन्हें नियमित करने के लिए अदालत का फैसला आ चुका है। कर्मचारियों के काम छोड़ हड़ताल पर रहने से शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने लगी है। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले लंबे समय से कच्चे कर्मचारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन की ओर से उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है।

## फोटोग्राफर अजय के निधन पर परिवार को दी आर्थिक सहायता

नारनौल। फोटोग्राफी जगत के लिए दुखद घटना में सिरसा के फोटोग्राफर अजय अभोली का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि अजय अभोली एक शादी समारोह की फोटोग्राफी कर रहे थे, इसी दौरान कार दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना पर विभिन्न शहरों की फोटोग्राफर यूनियनों ने एकजुटता दिखाते हुए शोक व्यक्त किया और परिवार की आर्थिक सहायता के लिए आगे आए। नारनौल से फोटोग्राफर यूनियन के प्रधान संजीव बिल्लू, तरुण कलर लैब, पटौदी से प्रदीप, नवीन, मोहित, सिरसा से प्रधान अमर खत्री, राजेन्द्र नागपाल, बबलू मेहता, सफल सतिया व कुलविंदर भवदीन की मौजूदगी में अजय अभोली के परिवार को एक लाख 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में महक और फोटोग्राफी में यतिन बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के वाईआरसी एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पौधरोपण अभियान, पोस्टर मेकिंग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह थे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की संयोजक डा. भारती ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वाईआरसी कोऑर्डिनेटर प्रो. समृद्धि, डा. सुशांत, डा. प्रियंका एवं डा. पवन सहित शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।



रेवाड़ी। आईजीयू में हुआ पौधरोपण।

### ये रहे परिणाम

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एमए इकोनॉमिक्स से महक ने प्रथम, एमबीए प्रथम वर्ष से मनीषा ने द्वितीय और एमबीए प्रथम वर्ष से तनुज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में एमबीए प्रथम वर्ष से यतिन ने प्रथम, इंटीग्रेटेड एमबीए चौथे सेमेस्टर से युवराज ने द्वितीय और तरुण ने तीसरा स्थान हासिल किया। पौधारोपण अभियान के आयोजक दीपांशु, नमन, हितेश, दीपेश कृष्ण, यश एवं पवन थे। पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम की आयोजक टीम में तान्या, युवराज, साक्षी, चिराग, रितिका एवं ओम शामिल थे।

## समस्या का समय पर निपटान प्राथमिकताः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जनसेवा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने का सशक्त माध्यम है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समय पर निपटान हो इसके लिए समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। एसडीएम योगेश सैनी ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आए लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में आए नागरिकों ने एसडीएम के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। समाधान शिविर में जल आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, इंतकाल, नगर परिषद से संबंधित और राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याएं सामने आई। इनमें से कई समस्याओं की मौके पर ही कार्रवाई शुरू करते हुए नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया।



## रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन केशव कुंज का चुनाव 10 को, नामांकन शुरू



रेवाड़ी। रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन केशव कुंज की बैठक में मौजूद सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन केशव कुंज झज्जर रोड़ की बैठक गली नंबर-एक स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान मुकेश कुमार ने की। बैठक में एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव राजबीर सिंह ने बैठक का मुख्य एजेंडा पेश किया। बैठक में एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण हो जाने के पर नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए। वर्तमान कार्यकारिणी का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कार्यकारिणी को भंग किया गया तथा नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए सुरेंद्र वशिष्ठ व मुकेश शर्मा को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया। रिटर्निंग ऑफिसरों ने बताया कि कार्यकारिणी के चुनाव के लिए नामांकन करने की तिथि 4 मई से 6 मई शाम 6 बजे तक रहेगी। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को की जाएगी तथा 9 मई को शाम 6 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। कार्यकारिणी के चुनाव के लिए 10 मई को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया संस्था के नियमों एवं लागू प्रावधानों के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। चुनाव में भाग लेने के लिए केवल संस्थापक सदस्य, आजीवन सदस्य एवं साधारण सदस्य ही पात्र होंगे। नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर, पासपोर्ट साइज फोटो सहित रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा करना अनिवार्य होगा।

### ये रहे मौजूद

प्रधान मुकेश कुमार, सचिव राजवीर सिंह, मनोज कुमार, इंद्रजीत, राकेश कुमार, योगेश शर्मा, विजय वशिष्ठ, दलीप सिंह, लक्ष्मण, रवि, हरीश, लोकेश, नवीन, प्रशांत, प्रवीण शर्मा, राजीव शर्मा, नितिन कमल, वेद प्रकाश व सुशील कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**सम्मान** अपराधियों, शरारती तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश

## सराहनीय कार्य करने वाले 31 पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित, एसपी ने दिया प्रशंसा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने ड्यूटी के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले 31 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया है। इस दौरान पुलिस कर्मियों की ओर से किए गए कार्यों पर भी चर्चा की गई। एसपी ने पुलिस कर्मियों से उनके फील्ड के अनुभव के बारे में फीडबैक भी लिया तथा भविष्य में भी इसी तरह से बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी आगे भी अपना काम नेक नियति व ईमानदारी से करते रहें, ताकि समाज में पुलिस विभाग की बेहतर छवि नजर आए। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान करना अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से पुलिस बल का मनोबल बढ़ता है और वे और अधिक लगन व प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने आशा जताई कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार जनता की सेवा व कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मी दुश्चरित्र, असामाजिक व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखे। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, बुलेट बाइक में पटाखा फोड़ने वालों, रात्रि के समय डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने व हुड़दंग करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करें।



रेवाड़ी। पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते एसपी हेमेंद्र मीणा। फोटो : हरिभूमि

- पुलिसकर्मी आगे भी नेक नियति व ईमानदारी से कार्य करें, ताकि समाज में पुलिस विभाग की बेहतर छवि बने : एसपी मीणा

### इन पुलिसकर्मियों को मिला सम्मान

सीआईए रेवाड़ी से इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह, एसआई जितेंद्र, एएसआई अक्षय, सिपाही रविन्द व सिपाही पवन कुमार, सीआईए धारूहेड़ा से इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा, एसआई शिव कुमार, सिपाही बीर सिंह, सिपाही नीरज व सिपाही अरुण, सीआईए कोसली से इंचार्ज एसआई सुभाष चंद, एएसआई अमित कुमार, एएसआई विक्रांत, एएसआई सुनील कुमार व ईएचसी पवन कुमार, साइबर थाने से एएसआई रविकांत, एएसआई चरण सिंह, एएसआई इकबाल व एएसआई जितेन्द्र, यातायात थाने से एसआई बलवंत, ईएचसी राजेश, सिपाही योगेश, सिपाही नरेंद्र, एसपीओ मनोज व होम गार्ड जुगनू, रामपुरा थाना से एसपीओ चांद, कसोला थाने से एएसआई धर्मबीर व सिपाही नरबीर, बावल थाने से पीएसआई अनिल व सिपाही प्रमोद तथा सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाने से एचसी प्रवीण कुमार को सम्मानित किया गया।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

नारनौल। लघु सचिवालय में आयोजित शिविर के दौरान उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने 73 नागरिकों की समस्याओं को विस्तार से सुना। इस दौरान पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि यह मंच नागरिकों की शिकायतों को एक ही छत के नीचे और बेहद कम समय में सुलझाने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना है। यदि कोई मामला ऐसा होता है जिसका समाधान मुख्यालय स्तर पर होना है, तो उसके लिए भी जिला अधिकारी लगातार उच्च अधिकारियों के संपर्क में रहते हैं, ताकि किसी भी काम में अनावश्यक देरी न हो। मुख्यमंत्री न केवल अधिकारियों से रिपोर्ट लेते हैं, बल्कि आम जनता से भी फीडबैक प्राप्त कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक की शिकायत पर निष्पक्ष और जल्द कार्रवाई हो रही है। इस मौके पर डीएमसी रणवीर सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा

# ड्रिंक एंड ड्राइव, ध्वनि प्रदूषण व लेन चेंज नियमों की अवहेलना पर काटे चालान

एसपी हेमेंद्र मीणा बोले शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ नहीं किया जाएगा कोई समझौता

- पुलिस की ओर से अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहनों में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने, बुलेट बाइक में पटाखा छोड़ने और लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया। पुलिस की ओर से अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस की ओर से गत सप्ताह चलाए गए अभियान के दौरान 823 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 823 चालकों पर कार्रवाई




रेवाड़ी। कार चालक में शराब की मात्रा चेक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### ध्वनि प्रदूषण बनता दुर्घटनाओं का कारण

पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्रवाई करते हुए 13 चालकों के चालान किए। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वे अपने साथ-साथ सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। एसपी मीणा ने कहा कि कुछ लोग गाड़ी में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने के साथ-साथ लोगों में दहशत और असुविधा भी पैदा करते है। कई बार इस तरह की हरकतें सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाती हैं। पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण करने वाले 2 चालकों पर शिकंजा कसा है। वही लाल व नीली बत्ती लगाने पर 1 व लेन चेंज से संबंधित नियम की अवहेलना पर 807 वाहन चालकों के चालान किए गए।

### भविष्य में भी जारी रहेंगे अभियानः एसपी



एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि जिला पुलिस की ओर से शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जोभी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल में पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें। सुरक्षित, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।



रेवाड़ी। गोक्रांति गोशाला में हवन करते हुए समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# यज्ञ मानव और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने का सर्वोत्तम माध्यमः डागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस के उपलक्ष्य में अंसल टाउन स्थित गोक्रांति गोशाला में पतंजलि परिवार की ओर से हवन किया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में गोरक्षक प्रदीप डागर राज्य प्रभारी युवा भारत और डा. युद्धवीर आर्य राज्य सचिव योगासन खेल संघ हरियाणा उपस्थित थे। कार्यक्रम में यज्ञ ब्रह्मा सुखदेव आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन सम्पन्न करवाया, जिसमें यजमान के रूप में बीरेंद्र सिंह यादव उपस्थित थे। इस मौके पर राज्य प्रभारी प्रदीप डागर ने कहा कि ऋषि-मुनियों ने यज्ञ को मानव और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने का सर्वोत्तम माध्यम बताया है। यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है, सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा मानसिक शांति प्राप्त होती है। सुखदेव आर्य ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्वभर में भारतीय वैदिक परंपरा के इस महान अनुष्ठान के महत्व का प्रचार-प्रसार करना तथा लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यज्ञ हमारी उस प्राचीन वैदिक धरोहर की याद दिलाता है, जो केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि वैज्ञानिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। राज्य सचिव डा. युद्धवीर आर्य ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी यज्ञ अत्यंत लाभकारी है। यज्ञ में प्रयुक्त जड़ी-बूटियां, घी और अन्य सामग्री जब अग्नि में आहुत होती हैं, तो वे वातावरण में जीवाणुनाशक तत्वों का प्रसार करती हैं, जिससे वायु शुद्ध होती है और रोगों से बचाव होता है। दयाराम आर्य ने सभी से यज्ञ, योग और आयुर्वेद को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा एक स्वस्थ, संतुलित और संस्कारित समाज के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की।

### ये रहे मौजूद

भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी मुकेश कुमार, वरिष्ठ योग शिक्षक कैप्टन राजेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर अशोक कुमार, ओमप्रकाश, सतबीर सरपंच , समाजसेवी अशोक कुमार व रविकुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### कैंप में 126 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच



रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 126 लोगों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मेडिसन, हड्डी रोग, न्यूरो सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग व स्त्री रोग के मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की। इसके अलावा फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी गई। कैंप के आयोजन में सभा के प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह, शशिभूषण, राम सिंह, गोकल राम, प्रो. सतीश यादव, अमर सिंह व आरएस यादव ने सहयोग दिया।



### शिक्षकों व छात्रों ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

बावल। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में सरवन इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सभी कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय की सफलता में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी, सुरक्षा गार्ड और अन्य सहायक स्टाफ के बिना स्कूल का सुचारू संचालन संभव नहीं है। उन्होंने कर्मचारियों को शॉल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

### अपना दायित्व निभाते हुए मतदान अवश्य करें: डीसी



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले में नगर परिषद रेवाड़ी, नगर पालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव और पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए 10 मई को मतदान कराया जाएगा। मतदान रविवार सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा, यदि आवश्यकता हुई तो 12 मई को पुनर्मतदान कराया जाएगा। डीसी ने आह्वान किया कि 10 मई को आयोजित होने वाले चुनावों में प्रत्येक मतदाता अपने संबंधित बूथ पर पहुंच कर मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि एक-एक मत लोकतंत्र की मजबूती तथा अपने क्षेत्र के विकास की दिशा तय करता है। मतदाता अपना दायित्व निभाते हुए मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदाता बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# बावल में मांगों को लेकर सफाई कर्मियों का धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल स्थित नगर पालिका परिसर में नगरपालिका कर्मचारी संघ की ओर से मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना शुरू किया गया, जिसके बाद धरने को पांच दिन और आगे बढ़ा दिया गया। धरने के चौथे दिन सोमवार को कर्मचारियों ने अपनी मांगों को प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता अशोक कुमार ने की। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगे मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, कर्मचारियों को 30 हजार वेतन देने और गुरुग्राम में निकाले गए 3480 कर्मचारियों की बहाली करने की मांग की। इस अवसर पर बबीता, शीला, किरण, संदीप, योगेश, जवाहर सिंह, सुमन, कमलेश व रोहताश सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

# पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 78 परिवारों के चेहरों पर लौटाई मुस्कान

रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से अप्रैल माह में ऑपरेशन मुस्कान चलाया गया। अभियान के तहत सभी थाना प्रबंधकों व चौकी इंचार्जों ने टीम के साथ लापता हुए बच्चों, महिलाओं व व्यक्तियों की तलाश कर उनके परिजनों से मिलाकर उनके चेहरे पर खुशी लौटाने का कार्य किया है। एसपी हेमेंद्र मीणा के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने पिछले माह में 20 बच्चों सहित 78 लापता हुए लोगों को अपनों से मिलवाया हैं। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 58 व्यस्कों और 20 बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया, जिसमें नाबालिग बच्चे और लड़कियां भी शामिल हैं। पुलिस ने लापता हुए लोगों को ढूंढकर दूसरे जिलों, राज्यों से सकुशल बरामद किया। ऑपरेशन मुस्कान में सामने आया कि ज्यादातर बच्चे परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से बिना बताए चले गए थे और कुछ बच्चे रास्ता भटक कर लापता हो गए थे।



# समाधान शिविर में काकोड़िया व मुसेपुर से अवैध कब्जे हटाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जनसुनवाई करते हुए डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण कराने के निर्देश दिए। शिविर में गांव काकोड़िया और मुसेपुर में अवैध कब्जे, शहर के मॉडल टाउन में सीवर लाइन अवरुद्ध होने और गांव भाड़ावास में पंचायती रास्ते से अवैध रूप से मिट्टी उठाने की शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों को समाधान कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा फैमिली आईडी, पेंशन व पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों का भी प्राथमिकता से निवारण कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार और डीएसपी रविंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# छात्राओं को विदेश में माइग्रेशन से संबंधित विभिन्न विषयों और मुद्दों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को इंटरनेशनल आर्गेनाजेशन ऑफ माइग्रेशन की ओर से समर्थित 'जागरूक जाओ' पहल के अंतर्गत सुरक्षित माइग्रेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता 'जागरूक जाओ' अभियान के ट्रेनर डा. विनीत यादव डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर उपस्थित थे। मुख्य वक्ता ने विदेश में माइग्रेशन संबंधित विभिन्न विषयों और मुद्दे, भारत सरकार की ओर से समर्थित विभिन्न माइग्रेशन संबंधित नीतियों और योजनाओं एवं पासपोर्ट व वीजा आवेदन संबंधी विभिन्न उपयोगी जानकारी देकर छात्राओं को लाभांवित किया। इस अवसर पर दीपक कुमार, संदीप सिंह, राजकुमार, क्षिप्रा व ज्योति सहित अनेक स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रही।

# विद्यार्थियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और नियमित प्रवासन के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अहीर कॉलेज के समान अवसर प्रकोष्ठ एवं विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 'जागरूक जाओ' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. उर्मिला शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए सुरक्षित प्रवासन के महत्व पर प्रकाश डाला और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। 'जागरूक जाओ' संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन की ओर से समर्थित और डाटा लीड्स द्वारा संचालित एक जागरूकता पहल है। कार्यशाला में विदेश में पढ़ाई या नौकरी के इच्छुक छात्रों को सुरक्षित, व्यवस्थित और नियमित प्रवासन के लिए जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में 'जागरूक जाओ' पहल के ट्रेनर डा. विनीत यादव ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। डा. विनीत यादव इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संकाय के सदस्य हैं। उन्होंने प्रवासन संबंधी जटिल मुद्दों को सरल भाषा में समझाते हुए छात्रों को विदेश जाने से पहले बरती जाने वाली सावधानियों, वैध प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेजों तथा एजेंटों की ओर से की जाने वाली धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों की जानकारी दी।



# मेघवाल समिति की महासभा में समाज के विकास और प्रगति के लिए कई मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मेघवाल उत्थान समिति के तत्वावधान में गांव नांगल उगरा स्थित गरीबनाथ महाराज के मंदिर में मेघवाल समाज के उत्थान, एकजुटता और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के उद्देश्य से महासभा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विकास और प्रगति के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान समाज में व्याप्त कुरीतियों पर विचार-विमर्श किया गया और उन्हें जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक निर्णय लिए गए। शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज को एक नई और प्रगतिशील दिशा प्रदान करने का संकल्प लिया गया। समाज के समग्र विकास और उत्थान के लिए रूपरेखा तैयार की गई। महासभा में आसपास के सत्रह गांवों के लोगों ने हिस्सा लिया। सभा में गांव शाहपुर, शेखपुर, नांगल तेजू, नांगल उगरा, खुर्रमपुर, भगवानपुर, जैतपुर, टीकला, राणसी माजरी, पावटी, प्राणपुरा व किशनपुर सहित अनेक गांवों के लोग शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही 30 गांवों की एक और महा सभा बुलाई जाएगी। इस मौके पर समिति के प्रधान सूरजभान, देवेंद्र पाल मैनेजर उपाध्यक्ष, भूपेंद्र मेघवाल शेखपुर सचिव, अशोक मेघवाल सह सचिव, परमेश्वर मैनेजर प्रभारी, लालचंद फोरमैन प्रभारी रेवाड़ी, हीरालाल वैद्य, विक्रम मास्टर, रूड़ाराम, श्याम सिंह नंबरदार, करण सिंह, हंसराज व धनपत सिंह सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। महासभा में मौजूद मेघवाल समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

**चुनाव** एक-एक वोटर की तलाश में प्रत्याशी बहा रहे पसीना

# डेढ़ लाख की आबादी में 23 हजार मतदाता हर वोटर तक पहुंच बना पाना नहीं आसान

▶▶ अप्रवासी मतदाताओं की भूमिका चुनाव में बड़ी रहती है

▶▶ अधिकांश मतदाता के वोट उनके पैतृक गांव या शहर में ही हैं

- धारूहेड़ा के अलग-अलग इलाकों में रहते हैं वोटर

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा कस्बे की आबादी भले ही डेढ़ लाख से ज्यादा हो, परंतु यहां मतदाताओं की संख्या लगभग 23 हजार ही है। इतनी बड़ी आबादी में कम मतदाताओं तक पहुंचने में प्रत्याशियों को भारी गर्मी में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। एक-एक मतदाता तक पहुंचने में ही उन्हें काफी समय बर्बाद करना पड़ रहा है।

कस्बे में नौकरीपेशा ऐसे लोगों की संख्या काफी अधिक है, जो बाहर से आकर यहां रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश के वोट उनके पैतृक गांव या शहर में ही हैं। मतदान के समय यह लोग अपने घरों को चले जाते हैं। कस्बे में मतदाता या तो धारूहेड़ा गांव के हैं या फिर लंबे समय से दूसरे राज्यों से आकर बसने वाले। पुराना धारूहेड़ा गांव के लोगों की संख्या मतदाताओं के रूप में ज्यादा है, जबकि बाहरी लोगों की कम। धारूहेड़ा गांव से नगर पालिका में शिफ्ट हो चुके मतदाताओं में अहीर मतदाताओं की संख्या अधिक है, जबकि अन्य मतदाताओं में विभिन्न जातियों से जुड़े लोग शामिल हैं। मतदाताओं की कुल संख्या से 6 गुणा अधिक आबादी होने के कारण प्रत्याशियों को एक-एक मतदाता की तलाश में पसीना बहाना पड़ रहा है। अप्रवासी मतदाताओं की भूमिका चुनाव में बड़ी रहती है, जिस पर प्रमुख राजनीति दलों की नजरें लगी रहती हैं।




रेवाड़ी। धारूहेड़ा नगर पालिका कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### घर-घर जाकर दस्तक देने की मजबूरी

मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशियों के लिए घर-घर जाना मजबूरी बना हुआ है। कस्बे पर दूरी पर बास रोड व महेश्वरी एरिया में रहने वाले एक-एक मतदाता के पास वोट की फरियाद के लिए प्रत्याशियों को दौड़ लगानी पड़ रही है, जिससे उनका काफी समय बर्बाद हो रहा है। इसके बापजूद प्रत्येक मतदाता तक पहुंच लगभग सभी प्रमुख प्रत्याशियों के लिए मजबूरी बन चुकी है।

### जातिगत समीकरण बनाने पर जोर

मतदान का समय काफी कम होने के कारण प्रत्याशी जातिगत समीकरण बनाने में लगे हुए हैं। प्रमुख राजनीतिक दल संबंधित जाति के मतदाताओं को अपनी ओर खींचने के लिए पार्टी के उसी जाति के प्रभावी नेताओं को बुलाकर जलपान की व्यवस्था करा रहे हैं। जिन निर्दलीय प्रत्याशियों के 'आका' नहीं हैं, वह अपने दम पर ही मतदाताओं से वोट की फरियाद करने में जुटे हुए हैं।

# प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में हरियाणा के दस खिलाड़ी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप का आयोजन 4 जून से 8 जून तक अहमदाबाद गुजरात में होने जा रहा है, जिसके लिए इंडिया टीम का सिलेक्शन ट्रायल 1 व 2 मई को भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्र सोनीपत में योगासन भारत के महासचिव डा. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योगासन भारत के कोषाध्यक्ष रचित कौशिक, डायरेक्टर ऋतु पथिक, असिस्टेंट डायरेक्टर मीता भारद्वाज, आर माधवन कृष्ण व योगासन भारत के सदस्य श्यामलता, रोहित कौशिक, रामप्रकाश हुड्डा व श्रीभगवान ने संयुक्त रूप से किया। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव डा. युद्धवीर ने बताया कि सिलेक्शन ट्रायल में पूरे देश भर के नेशनल व एशियन मेडलिस्ट खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल का आयोजन खेल मंत्रालय से अनुमोदित राष्ट्रीय खेल संघ योगासन भारत के द्वारा किया गया, जिसमें हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन का सहयोग रहा। डा. युद्धवीर ने बताया की प्रथम वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हरियाणा से विभिन्न आयु वर्गों में 10 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, खेल विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर योगा लक्ष्मीपंत व हरियाणा योगासन खेल संघ के राज्य सचिव डा. युद्धवीर ने हरियाणा के चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। डा. युद्धवीर ने बताया कि चयनित खिलाड़ी अब नेशनल कैंप में भाग लिए अहमदाबाद जाएंगे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि